कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, ज़िला कलक्टर, दौसा

श्री शुभम शर्मा, निवासी एल–637, शिक्षकेश्वर मंदिर के पास, शिक्षक कॉलोनी, दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 161/2025

निर्णय

दिनांक 22.01.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/3388 दिनांक 23.12.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र क्रमांकःआरटीआई/2025/1140 दिनांक 26.12.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना आयुक्त, नगर पारिषद दौसा से संबंधित होने से पत्रांकःआरटीआई/2025/1097 दिनांक 17.12.2025 द्वारा अपीलांट का आवेदन पत्र धारा 6 (3) में स्थानान्तरित किया गया है। आयुक्त, नगर परिषद दौसा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपील सुनवाई का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2026.02.20 10:32:30 IST
Reason: SelfAttested